मॉडल प्रश्न–पत्र–I

कक्षा – बारहवीं

विषय – गृह विज्ञान

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। इसके लिए कुल 15 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 14 और 15 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 16 और 17 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 18 और 19 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 6 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 1. **(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) गृह विज्ञान लोगों की भलाई के लिए निम्न सिद्धांतों के ज्ञान का पालन करता है–

(अ) केवल विज्ञान के (ब) कला विषयों के

(स) न विज्ञान न कला के (द) विज्ञान व कला दोनों के

(2) सूक्ष्म पोषक तत्व है–

(अ) विटामिन, पानी (ब) विटामिन, खनिज

(स) शर्करा, खनिज (द) उपर्युक्त सभी

(3) हरी पत्तेदार सब्जियों को लपेटना चाहिए–

(अ) बाँसी कागज (ब) गीला मलमल

(स) अखबार का कागज (द) पॉलीथीन पैकेट

(4) कार्य सरलीकरण से–

(अ) पैसा ज्यादा खर्च होता है

(ब) कार्य स्थल की ऊँचाई कम होती है

(स) समय और ऊर्जा की बचत होती है

(द) उपकरणों का प्रयोग होता है

(5) पर्यावरण अनुकूलन पदार्थों को दिया जाता है–

(अ) F.P.O. चिन्ह (ब) एक मार्ग चिन्ह

(स) I.S.I. चिन्ह (द) ECO चिन्ह

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 5 = 5)

(1) प्रोटीन का मुख्य कार्य .... देता है।

(2) जब भोजन को गर्म भाप द्वारा पकाते हैं तो इसे .... है।

(3) ओजोन परत घटने से .... और .... की समस्याएँ हो जातीहै।

(4) बच्चे का वातावरण .... हो तो उसका व्यवहार अनुचित हो जाता है।

(5) किशोरावस्था की आयु .... होती है।

(स) सत्य/असत्य बताइए– (1 × 5 = 5)

(1) बैक्टीरिया एक सूक्ष्म जीवाणु है।

(2) योजना के लिए नियंत्रण की आवश्यकता नहीं है।

(3) ऊबा हुआ बच्चा अक्सर अंगूठा चूसता है।

(4) मंद बुद्धिता का कारण मस्तिष्क चोट है।

(5) ऊनी वस्त्र सर्दियों के लिए सबसे उपर्युक्त है।

प्रश्न 2. गृह विज्ञान विषय के कोई दो क्षेत्रों के विषय में लिखिए। (1+1)

प्रश्न 3. अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य की दो विशेषताएँ बताइऐ। (1+1)

प्रश्न 4. भोजन की परिभाषा लिखिए। (2)

प्रश्न 5. निवेश किसे कहते हैं। (2)

प्रश्न 6. उपभोक्ता समस्याओं के कोई दो समाधान बताइऐ। (1+1)

प्रश्न 7. वस्त्र परिसज्जा क्या है ? वस्त्रों पर परिसज्जा देना क्यों आवश्यक है ? (1+1)

प्रश्न 8. गहरीव उथली विधि द्वारा तलने में अंतर स्पष्ट कीजिए। (1½+1½)

प्रश्न 9. वन किस प्रकार पर्यावरण संरक्षण में सहायता करते हैं। (3)

प्रश्न 10. किशोरावस्था की कोई तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (1+1+1)

प्रश्न 11. बालश्रम के कोई तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (1+1+1)

प्रश्न 12. वस्त्र बनाने की विधियों का वर्णन कीजिए। (कोई तीन) (1+1+1)

प्रश्न 13. प्राकृतिक व मानव निर्मित तंतुओं में अंतर स्पष्ट कीजिए। (1½+1½)

प्रश्न 14. भोजन के पोषक मूल्यों में घरेलू स्तर पर वृद्धि करने की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए– (2+2)

(1) अंकुरण द्वारा (2) खमीकरण द्वारा।

अथवा

भोजन पकाने की निम्नांकित विधियों का वर्णन कीजिए–

(1) उबालना (2) भाप द्वारा पकाना

प्रश्न 15. निवेश की विभिन्न संस्थाओं का वर्णन कीजिए– (2+2)

(1) बैंक (2) डाकघर

अथवा

निम्न को समझाइये–

(1) जल ऊर्जा (2) पवन ऊर्जा

प्रश्न 16. पोषण स्तर से आप क्या समझते हैं। किसी भी व्यक्ति के आवश्यक पोषण पर प्रभाव डालने वाले किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए। (2+3)

अथवा

संतुलित आहार का अर्थ क्या है ? संतुलित आहार की कोई तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 17. चार वर्ष के बालक की संज्ञानात्मक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (1+1+1+1+1)

अथवा

अभिवृद्धि व विकास को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए। (कोई पाँच)

प्रश्न 18. संसाधन किसे कहते हैं ? संसाधन की कोई चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (5)

अथवा

निर्णय प्रक्रिया क्या है ? इसके कोई चार चरणों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 19. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए– (3+3)

(1) रंगाई एवं छपाई (2) प्रिंटिंग एवं नमूने

अथवा

(i) निम्न धब्बों को आप कैसे छुड़ाएंगे–

(1) घास (2) पान (3) रक्त

(ii) सूती वस्त्र पर–

(1) चाय (2) सब्जी (3) दूध